नगर निगम, शाहजहॉपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 16.02.2021

- महाराजा सुहेलदेव जयंती समारोह के उपलक्ष्य में आज दिनांक 16.02.2021 को विभिन्न कार्यक्रम किये गये आयेजित।

- शहीदो की प्रतिमाओं एवं सम्बन्धित नगर के अन्य स्थलों एवं अन्य क्षेत्रों में चलाया गया विशेष सफाई अभियान।

- महाराजा सुहेलदेव जयंती समारोह के उपलक्ष्य में प्रातः 8.30 बजे नगर के विभिन्न स्कूलों,कालेजो के बच्चों द्वारा निकाली गई प्रभात रैली।

- महाराजा सुहेलदेव जयंती समारोह के उपलक्ष्य में प्रातः 9.00 बजे शहीदो की प्रतिमाओ पर किया गया माल्यार्पण।

- महाराजा सुहेलदेव जयंती समारोह के उपलक्ष्य में सुबह 10 बजे गॉधी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया समारोह।

1. नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर महाराजा सुहेलदेव जयंती समारोह के उपलक्ष्य में नगर निगम क्षेत्र में आज दिनांक 16.02.2021 को विशेष सफाई अभियान चलाया गया। विशेष सफाई अभियान के अन्तर्गत लगभग 45 स्थलों एवं नगर के सफाई जोन 01 में सदर बाजार, टाउनहाल जोन 02 बहादुरगंज, जोन 03 हयातपुरा,जोन 04 चारखम्बा एवं जोन 05 के अहमदपुर निवाजपुर एवं नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित शहीदो की प्रतिमाओ के आस–पास विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सभी शहीद स्मारकों एवं अन्य महानुभावो की प्रतिमाओ की साफ–सफाई एवं चूने का छिड़काव किया गया। विशेष सफाई अभियान के दौरान 05 सफाई जोनो में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सफाई एवं खाद्य निरीक्षको को निर्देशित किया गया। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक की देख रेख में नगर क्षेत्र की मलिन वस्तियों,गारवेज वल्नरेवल स्थलो एवं खाली प्लाटों आदि की विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई कराई गई। सफाई अभियान नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में संचालित किया गया। समस्त सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयो की समुचित सफाई एवं रख–रखाव सुनिश्चित कराई गई। नगर आयुक्त महोदय द्वारा शहीद स्मारक स्थलों के साथ–साथ भीड़–भाड़ वाले स्थलो एवं प्रमुख बाजारो तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष सेनेटाइजेशन अभियान चलाते हुये विसंक्रमण की कार्यवाही सुनिश्चित किया गया एवं स्वच्छता तथा साफ–सफाई हेतु आमजन के मध्य जागरूकता का प्रचार–प्रसार किया गया।

2. महाराजा सुहेलदेव जयंती समारोह के उपलक्ष्य में आज दिनांक 16.02.2021 को विभिन्न कार्यक्रम किये गये आयेजित। जिसके अन्तर्गत नगर के विभिन्न स्कूल,कालेजो–आर्य महिला इंटर कालेज, आर्य कन्या इंटर कालेज, सरदार पटेल हिन्दु इंटर कालेज, इस्लामिया इंटर कालेज व राजकीय इंटर कालेज से एन0सी0सी0,स्काउट सहित 40–40 छात्र–छात्राओ द्वारा अपने–अपने प्रभारी शिक्षको के साथ अपने–अपने विद्यालय से शहीद द्वार तक प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह जी,मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रेरणा शर्मा, नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी,पुलिस अधीक्षक श्री एस0 आन्नद,अपर जिलाधिकारी श्री रामसेवक द्विवेदी,सिटी मजिस्ट्रेट श्री राजेश कुमार,अपर नगर आयुक्त श्री एस0 के सिंह,उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे,सहायक नगर आयुक्त श्री अगंद गुप्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

3. महाराजा सुहेलदेव जयंती के उपलक्ष्य में आज दिनांक 16.02.2021 को प्रातः 9 बजे नगर आयुक्त महोदय द्वारा शहीदों की प्रतिमाओं पर मार्ल्यापण किया गया। नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा,अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0 सिंह,उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे एवं सहायक नगर आयुक्त श्री अगंद गुप्ता द्वारा नगर में शहीद पार्क,तिलक पार्क एवं नगर निगम प्रागंण में स्थापित शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया।

4. महाराजा सुहेलदेव जयंती के उपलक्ष्य में आज दिनांक 16.02.2021 को प्रातः 10 बजे से गांधी भवन प्रेक्षाग्रह में देश भक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लीड कान्वेन्ट स्कूल के बच्चो द्वारा अभिनव सरस्वती वंदना की सजीव एवं सुन्दर प्रस्तुति की गई एवं डा0 सुदामा प्रसाद इंटर कालेज के बच्चो की तरफ से नृत्य एवं भक्ति गीत की सुन्दर प्रस्तुति की गई। महाराजा सुहेलदेव जयंती के उपलक्ष्य में समारोह में आये हुये स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो के परिवारजनो को जिलाधिकारी द्वारा अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में नगर के विभिन्न स्कूलो एवं कालेजों के बच्चो द्वारा बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया गया। गॉधी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़कर मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा महाराजा सुहेलदेव जयंती के उपलक्ष्य मे महाराजा सुहेलदेव स्मारक का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा महाराजा सुहेलदेव जी के शौर्य एवं बलिदान के बारे में बताया गया। महाराजा सुहेलदेव जयंती समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री एस0 आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा,नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी श्री रामसेवक द्विवेदी, नगर मजिस्ट्रेट श्री राजेश कुमार, अपर नगर आयुक्त श्री एस0 के0 सिंह, उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती एवं श्री अंगद गुप्ता, महाप्रबन्धक (जल) श्री वी0एन0 द्विवेदी, मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0 गौतम एवं नगर के विभिन्न स्कूल,कालेजो के प्रधानाचार्य एवं स्कूली बच्चों तथा गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 इंदू अजनवी ने किया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर